प्रेषक,

सुमित गुप्ता

अपर सिविल जज (जू०डि०) न्यायालय सं 6

बलिया

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद

इलाहाबाद

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश

बलिया

विषय: विधि स्नातकोत्तर की ऑनलाइन परीक्षा के अनुमति के सम्बन्ध में

महोदय,

ससम्मान अवगत कराना है कि प्रार्थी सुमित गुप्ता (J.O. Code- UP3479) ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश संख्या 4174/ Admin. (Services)/2019 के अनुपालन में दिनांक 16.12.2019 को अपर सिविल जज (जू०डि०) बलिया का कार्यभार ग्रहण किया है। कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व प्रार्थी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (पंजीकरण सं- 382116) के सत्र 2018-20 में नियमित छात्र के रूप में पंजीकृत रहा है। प्रार्थी ने कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के चार में से तीन सेमेस्टर (कोरोना महामारी के चलते तृतीय सेमेस्टर का अंकपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुआ है) की परीक्षाये दे दिया था तथा अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा देना शेष रह गया था, जिसके अनुमति के सम्बन्ध में प्रार्थी ने पूर्व में एक पत्र (892/XV Dated: March 13, 2020) को अनुमति के आवश्यक कार्यवाही हेतु माननीय उच्च न्यायालय को सादर प्रेषित किया था।

कोरोना महामारी के कारण अब परिस्थिति पूर्व से भिन्न हो चुकी है और कोरोना महामारी के चलते विश्वविद्यालय एवं संकाय में कक्षायें पूर्णत: संचालित नहीं हुई है, जिसके फ़लस्वरूप न्यूनतम उपस्थिति सम्बन्धी कोई भी सीमा नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने समस्त पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षायें ऑनलाइन कराने का निर्णय लिया है। उक्त परीक्षा में **25 अगस्त** से पूर्व एक होम असाइनमेंट तथा **10 सितम्बर से 25 सितम्बर** के मध्य सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि निर्धारित (प्रार्थी को चतुर्थ सेमेस्टर में एक विषय की परीक्षा देनी है जिसकी तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई है) की गयी है।

माननीय से सादर निवेदन है कि प्रार्थी को उक्त ऑनलाइन परीक्षा देने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक: 12.08.2020

भवदीय

Sumit Gupta

सुमित गुप्ता

अपर सिविल जज (जू०डि०) न्यायालय सं 6

बलिया

संलग्नक

1. प्रथम तथा द्वितीय सेमेस्टर के अंक पत्र की छायाप्रति
2. तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा के समय सारणी की छायाप्रति
3. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा तिथि के सम्बन्ध में निर्गत सूचना की प्रति
4. विधि संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सूचना की प्रति
5. पूर्व में प्रेषित पत्र की छायाप्रति

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलिया।

पत्रांक:- 1665/XV **दिनांक: बलिया: अगस्त** 13 **,2020**

महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद को अग्रसारित।

13.08.2020

जनपद न्यायाधीश

बलिया।

District Judge

Ballia